दिन–शुक्रवार दिनांक– 10 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के बेलदौर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बूथ संख्या एक सौ बयासी और एक सौ तेरासी पर आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हो रहा है पुनर्मतदान।
02. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए प्रचार अभियान चरम पर। तेरह मई को होने वाले चुनाव के लिए कल शाम थम जायेगा प्रचार का शोर।
03. सातवें चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी। एनडीए की ओर से पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से रविशंकर प्रसाद और काराकाट से उपेन्द्र कुशवाहा आज भरेंगे नामांकन पर्चा।
04. और, मौसम विभाग ने आज सीतामढ़ी, सुपौल, पटना, भागलपुर और बांका समेत आस–पास के जिलों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की। पिछले चौबीस घंटों के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनों में पांच महिलाओं समेत दस लोगों की मौत।

---

खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के बेलदौर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बूथ संख्या एक सौ बयासी और एक सौ तेरासी पर आज पुनर्मतदान हो रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि दोनों क्षेत्रों पर शांतिपूर्वक मतदान चल रहा है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के बेलदौर विधानसभा अंतर्गत पौरा पंचायत के सहरौन गांव के मतदान केंद्र संख्यां–182 और 183 पर जिला प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज पुनर्मतदान कराया जा रहा है। सुबह 7 बजे मतदान शुरू होते ही मतदाताओं के आने का सिलसिला तेज हो गया है। मतदान शाम 6 बजे तक चलेगा। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुशील बिहारी सिंह ने आकाशवाणी को बताया कि मतदान शांतिपूर्वक चल रहा है। बीते 7 मई को सम्पन्न हुए चुनाव के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने रोड़ नहीं तो वोट नहीं का नारा देते हुए वोट का बहिष्कार किया था। जिस दौरान दो पक्षों में झड़प के बाद ईवीएम को क्षतिग्रस्त भी कर दिया गया था। जिला प्रशासन के पहल पर चुनाव आयोग ने इन दोनों बूथों पर पुनर्मतदान कराए जाने का आदेश दिया है। ज्ञातव्य हो कि खगड़िया संसदीय क्षेत्र के कुल 12 प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में सील हो चुके हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

---

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के चौथे और पांचवा चरण के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में लगातार जनसभा और रोड शो कर रहे हैं। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी आज बक्सर, समस्तीपुर और दरभंगा में प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इधर, वामपंथी दल सीपीआई, सीपीएम और माले के

वरिष्ठ नेता भी इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए प्रचार में जुटे हुए हैं। निर्दलीय प्रत्याशी भी अपने क्षेत्र में लगातार जनसम्पर्क अभियान चला रहे हैं।

---

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के प्रचार का शोर कल शाम समाप्त हो जायेगा। तेरह मई को राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– मुंगेर, बेगूसराय, समस्तीपुर, उजियारपुर और दरभंगा में मतदान होना है। इस चरण के तहत उजियारपुर संसदीय क्षेत्र मे सबसे अधिक तेरह उम्मीदवार, जबकि दरभंगा मे सबसे कम आठ उम्मीदवार अपनी चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं। समस्तीपुर और मुंगेर संसदीय क्षेत्र में बारह–बारह उम्मीदवार, वहीं, बेगूसराय में दस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इन सभी सीटों पर एनडीए और इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच सीधी टक्कर है। उजियारपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नित्यानंद राय और राजद के आलोक कुमार मेहता के बीच मुख्य मुकाबला है। बेगूसराय सीट से भाजपा प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का मुकाबला भाकपा के अवधेश राय से है। वहीं, दरभंगा से भाजपा सांसद गोपाल जी ठाकुर के सामने राजद के पूर्व मंत्री ललित यादव हैं। मुंगेर लोकसभा सीट से जदयू प्रत्याशी ललन सिंह का मुकाबला राजद की अनिता देवी से है। इधर, समस्तीपुर लोकसभा सीट पर राज्य के दो मंत्रियों के पुत्र और पुत्री आमने–सामने हैं। इस सीट से एनडीए से लोजपा रामविलास की प्रत्याशी शांभवी चौधरी मैदान में हैं। वे ग्रामीण विकास कार्य मंत्री अशोक चौधरी की बेटी हैं। इनका सामना कांग्रेस के सन्नी हजारी से है। सन्नी हजारी राज्य के सूचना और जनसम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी के पुत्र हैं।

---

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में छियासी उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। कल नाम वापसी के आखिरी दिन तीन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस लिया। इसके बाद इस चरण में सबसे अधिक पन्द्रह प्रत्याशी वैशाली संसदीय क्षेत्र में हैं। वहीं, सबसे कम पांच प्रत्याशी महाराजगंज संसदीय क्षेत्र से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस चरण में एनडीए की ओर से भाजपा के चार, जदयू के तीन, लोजपा, रामविलास के एक प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं, दूसरी तरफ इंडी गठबंधन की ओर से राजद के चार, कांग्रेस और विकासशील इंसान पार्टी के दो–दो प्रत्याशी है। छठे चरण के लिए पच्चीस मई को मतदान होना है।

---

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद संसदीय क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से भाजपा के रविशंकर प्रसाद आज अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इधर, एनडीए समर्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रत्याशी उपेन्द्र कुशवाहा भी काराकाट संसदीय क्षेत्र से नामांकन का पर्चा भरेंगे। वहीं, सासाराम संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी शिवेश राम आज अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस चरण में अब तक अड़तालीस उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। इन लोकसभा क्षेत्रों के लिए चौदह मई तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच पन्द्रह मई को होगी जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि सत्रह मई निर्धारित है। इस चरण के लिए एक जून को मतदान होना है।

---

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात वाल्मीकीनगर लोकसभा सीट की। वाल्मीकीनगर बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां छठे चरण में पच्चीस मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

नेपाल की सीमा से सटा पश्चिम चंपारण जिले का वाल्मीकीनगर लोकसभा क्षेत्र वर्ष 2008 के परिसीमन के बाद अस्तित्व में आया था। वर्ष 2009 से अब तक इस सीट पर तीन आम चुनाव और एक उप चुनाव हो चुके हैं। इन सभी में भाजपा और जद यू उम्मीदवारों को ही जीत मिली है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से जद यू के बैद्यनाथ प्रसाद महतो को इस सीट से जीत मिली थी। उनके असामयिक निधन के बाद इस क्षेत्र में हुए उपचुनाव में जद यू से बैद्यनाथ प्रसाद मेहता के पुत्र सुनील कुमार कुशवाहा को जीत मिली थी। उन्होंने कड़े मुकाबले में कांग्रेस के प्रवेश मिश्र को पराजित किया था। इस बार के चुनाव में एन डी ए से जद यू ने निवर्तमान सांसद सुनील कुमार कुशवाहा पर फिर से भरोसा जताते हुए उन्हें चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं इंडी गठबंधन में हुए सीट बंटवारे में राजद के खाते में आई इस सीट पर पार्टी ने दीपक यादव को उम्मीदवार बनाया है। दीपक यादव भाजपा छोड़कर राजद में शामिल हुए हैं। वहीं, कांग्रेस के बागी प्रवेश मिश्र और भाजपा के बागी दिनेश अग्रवाल भी चुनाव मैदान में हैं। दोनों प्रमुख गठबंधन के बागी उम्मीदवारों के चुनावी मैदान में उतरने से इस बार मुकाबला काफी रोचक होने की संभावना है। विधानसभावार स्थिति देखें तो एन डी ए उम्मीदवार काफी मजबूत स्थिति में दिखते हैं। 6 में से 4 सीट– रामनगर, नरकटियागंज, बगहा और लौरिया पर भाजपा तो 1 सीट वाल्मीकीनगर पर जद यू का कब्जा है। सिर्फ सिकटा सीट पर भाकपा माले के विधायक हैं। जद यू उम्मीदवार जहां केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों और मोदी की गारंटी के नाम पर लोगों के बीच जा रहे हैं वहीं राजद उम्मीदवार मंहगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे को लेकर लोगों को गोलबंद करने में जुटे हैं। निर्दलीय प्रत्याशी प्रवेश मिश्र और दिनेश अग्रवाल भी एड़ी चोटी का जोर लगा कर मतदाताओं को लुभाने में जुटे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए वाल्मीकीनगर से आशीष कुमार।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में बिहार के अशोक कुमार विश्वास और पंडित रामकुमार मल्लिक को नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में इन दोनों को कला के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया। वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र किशोर को भी पद्म श्री पुरस्कार मिलना था, लेकिन स्वास्थ्य ठीक नहीं रहने के कारण वे समारोह में शामिल नहीं हो सके।

---

चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश के अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। मौसम विभाग ने आज सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, किशनगंज, पटना, नवादा, भागलपुर और बांका समेत आस–पास के जिलों के कुछ स्थानों पर बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में बारिश के साथ वज्रपात की भी आशंका है।

–––बाईट–––

इधर, मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान मुजफ्फरपुर में सबसे अधिक छियासठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं, इस अवधि में अलग–अलग स्थानों पर वज्रपात की घटनाओं में पांच महिलाओं समेत दस लोगों की मौत हो गयी। इनमें पूर्वी चम्पारण के तीन, बेगूसराय के दो, समस्तीपुर, खगड़िया, अररिया, भागलपुर और गया के एक–एक व्यक्ति शामिल हैं।

---

आज अक्षय तृतीया है। वैशाख माह के शुक्लपक्ष की तृतीया को यह दिवस मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन स्नान–दान और पूजा–पाठ करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। ज्योतिष शास्त्र में अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त कहा गया है। ज्योतिषों के अनुसार इस बार अक्षय तृतीया पर स्वयं सिद्ध और अबूझ मुहूर्त होने पर भी मांगलिक कार्य नहीं होंगे। इधर, उत्तराखंड में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गये हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– प्रवर्तन निदेशालय ने कहा, चुनाव प्रचार मौलिक अधिकार नही। अखबार लिखता है– केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर सुनवाई के बीच ईडी ने हलफनामा दाखिल किया।

दैनिक जागरण लिखता है– राजस्व और भूमि सुधर विभाग ने कहा, दाखिल खारिज का आवेदन रद्द करने से पहले आवेदक का पक्ष सुनना होगा।

दैनिक भास्कर ने लोकसभा चुनाव प्रचार से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, जहां भी मुस्लिम कोटा है, जीते तो खत्म करेंगे। प्रभात खबर की सुर्खी है– अस्सी प्लस वालों को साल

में दो बार लगेगा, लाईफ सर्टिफिकेट। आज अखबार लिखता है– भारतीय शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, तीन लाख करोड़ रूपये डूबे। राष्ट्रीय सहारा ने एयर इंडिया से जुड़ी खबर को अपनी लीड बनाते हुये लिखा है– बर्खास्तगी के बाद काम पर लौटने को सहमत एयर इंडिया कर्मी। दूसरे दिन भी पचासी उड़ानें रद्द।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के बेलदौर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बूथ संख्या एक सौ बयासी और एक सौ तेरासी पर आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हो रहा है पुनर्मतदान।
02. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए प्रचार अभियान चरम पर। तेरह मई को होने वाले चुनाव के लिए कल शाम थम जायेगा प्रचार का शोर।
03. सातवें चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी। एनडीए की ओर से पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से रविशंकर प्रसाद और काराकाट से उपेन्द्र कुशवाहा आज भरेंगे नामांकन पर्चा।
04. और, मौसम विभाग ने आज सीतामढ़ी, सुपौल, पटना, भागलपुर और बांका समेत आस–पास के जिलों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की। पिछले चौबीस घंटों के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनों में पांच महिलाओं समेत दस लोगों की मौत।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।